प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर तैंतीस व्यक्तियों और संस्थाओं को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण में असाधारण योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारितामंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार दिव्यांगजन के जीवन को समृद्ध करने के लिए 16 परिवर्तनकारी उपायों का शुभारंभ करेंगे। इन उपायों में दिव्यांगजनों का समावेशन और उनके लिए नवाचार व प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी और गैर–सरकारी प्रतिनिधियों व विशेषज्ञों और विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाना है ताकि वे समाजिक परिवर्तन और समावेशी समाज के निर्माण में योगदान कर सकें।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित होगी। संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि बैठक में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्य व कांग्रेस के सभी विधायक मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि बैठक में प्रदेश सरकार के दो साल के कार्यकाल पर बिलासपुर में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री का मंडी जिला के एक दिवसीय प्रवास पर जाने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे पंडोह के समीप कैंची मोड़ से बगलामुखी माता मंदिर बाखली तक प्रदेश रोपवे एंड रैपिड ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित 750 मीटर लंबे रज्जू मार्ग का लोकार्पण करेंगे। बाद में मुख्यमंत्री बाखली के नेचर पार्क में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस अवसर पर उनके साथ विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

कुलदीप पठानिया

प्रदेश विधानसभा के 18 दिसंबर से धर्मशाला के तपोवन में आयोजित होने वाले शीतकालीन सत्र की तैयारियों को लेकर धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सत्र के दौरान सुरक्षा में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान तपोवन स्थित विधानसभा भवन और परिसर की निगरानी सी.सी.टीवी व ड्रोन कैमरों से की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 21 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में कुल 4 बैठकें होंगी।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ कल शिमला जिले के हाटकोटी में एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में क्षेत्र के कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। शिक्षा मंत्री ने आंटीगली, चौरी कॉलोनी और चामसु नाला की सड़कों की तुरंत टायरिंग का कार्य शुरू करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

हादसा

रामपुर उपमंडल में एक कार के मच्छाड खड्ड में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हुआ है। मृतकों में दंपति भी शामिल है। ये हादसा कल शाम भद्राश के पास हुआ, जब कार सवार चार लोग रामपुर से ननखड़ी की तरफ जा रहे थे। तीनों मृतक ननखड़ी तहसील के बजेटली गांव के रहने वाले थे। रामपुर के डीएसपी नरेश शर्मा ने बताया कि घायल को खनेरी अस्तपाल में भर्ती किया गया है। वहीं मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

प्रतियोगिता

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 7 दिसम्बर को शिमला में सद्भावना क्रिकेट कप प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। इस संबंध में हिम स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन द्वारा प्रारंभिक बैठक शिमला में आयोजित की गई। नशा छोड़ो, खेल खेलो' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता का पहला मैच 7 दिसंबर को दोपहर डेढ़ बजे राज्यपाल इलेवन और प्रेस इलेवन के बीच खेला जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि न्यनूतम तापमान में लगातार आ रही गिरावट से कड़ाके की ठंड जारी है। जनजातीय जिलों लाहौल–स्पीति और किन्नौर में तापमान शून्य से नीचे चल रहा है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। राज्य के मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में भी लोगों को सुबह–शाम कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने चंबा, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और किन्नौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल के जनजातीय क्षेत्रों का बौद्ध टूरिज्म सर्किट बनाएंगे। पंजाब केसरी के शब्द हैं–जनजातीय लोगों को मिलेगी नौतोड़, राज्यपाल को भेजा प्रस्ताव। दिव्य हिमाचल लिखता है–ट्राइबल में चलाएंगे बौद्ध टूरिज्म सर्किट। दैनिक जागरण का शीर्षक है–बौद्ध पर्यटन सर्किट होगा विकसित, देश जानेगा जनजातीय संस्कृति।

हिमाचल दस्तक का कहना है–अगले दो साल में तैयार होगा ढली–परवाणु फोरलेन। दैनिक भास्कर ने खबर दी है–पर्यटन प्रमोट करने के लिए केंद्र सरकार से मिलने वाली सोशल ग्रांट से हिमाचल बाहर।

आपका फैसला लिखता है–हिमाचल में अवैध खनन की गतिविधों को रोकने के लिए सघन अभियान आरंभ।